श्रम, आप्रवासन, प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्रालय (Ministry of Labour, Immigration, Training and Skills Development)

ओंटारियो में रोजगार मानक

रोजगार मानक अधिनियम (Employment Standards Act), 2000 (ESA) कर्मचारियों की संरक्षा करता है और आंटोरियो में अधिकांश कार्यस्थलों के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करता है। **कर्मचारियों द्वारा अपने ESA अधिकारों का प्रयोग करने पर नियोक्ताओं द्वारा उन्हें दंडित करना निषिद्ध है।**

आपके लिए क्या जानना जरूरी है

सार्वजनिक अवकाश

ओंटारियो में प्रतिवर्ष कई सार्वजनिक अवकाश आते हैं। अधिकांश कर्मचारी इन दिनों काम से छुट्टी करने और सार्वजनिक अवकाश वेतन पाने के हकदार होते हैं। अधिक जानकारी के लिए देखें: **Ontario.ca/publicholidays**

कार्य-समय और ओवरटाइम

कार्य-समय के संबंध में दैनिक एवं साप्ताहिक सीमाएं हैं। भोजन करने के लिए समय, विराम अवधि तथा ओवरटाइम के लिए भी नियम बने हैं। अधिक जानकारी के लिए देखें: **Ontario.ca/hoursofwork** और **Ontario.ca/overtime**

बर्खास्तगी सूचना और वेतन

अधिकांश मामलों में, कर्मचारी को बर्खास्त करते समय नियोक्ताओं द्वारा कर्मचारियों को अग्रिम में लिखित सूचना/या सूचना की जगह बर्खास्तगी वेतन दिया जाना चाहिए। और अधिक जानकारी के लिए देखें: **Ontario.ca/terminationofemployment**

छुट्टी का समय और वेतन

अवकाश के समय की राशि और कर्मचारियों द्वारा अर्जित वेतन देने के नियम हैं। ज्यादातर कर्मचारी हर 12 महीने काम करने के बाद अवकाश का समय ले सकते हैं। और अधिक जानकारी के लिए देखें: **Ontario.ca/vacation**

अनुपस्थिति अवकाश

ओंटारियो में नौकरी-संरक्षा युक्त कई अनुपस्थिति अवकाश हैं। ऐसे अवकाश के उदाहरणों में बिमारी के लिए अवकाश गर्भावस्था के लिए अवकाश, माता-पिता बनने पर अवकाश और परिवार की देखभाल करने के लिए अवकाश शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए देखें: **Ontario.ca/ESAguide**

न्यूनतम वेतन

अधिकांश कर्मचारी कम-से-कम न्यूनतम वेतन का भुगतान किए जाने के पात्र हैं। वर्तमान दरों के लिए देखें: **Ontario.ca/minimumwage**

रोजगार संबंधी अन्य अधिकार, छूट और विशेष नियम

इस पोस्टर में सूचीबद्ध न किए गए अन्य अधिकार, छूट और विशेष नियम भी हैं जिनमें पृथक्करण वेतन के अधिकार, अस्थायी सहायक एजेंसियों के कर्मचारियों को काम सौंपने के विशेष नियम शामिल हैं।

आप और आपके कार्यस्थल को प्रभावित कर सकने वाले नवीनतम समाचारों के बारे में अवगत रहने के लिए सबस्क्राइब करें: **Ontario.ca/labournews**

अपने अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए देखें:

Ontario.ca/employmentstandards

1-800-531-5551 or TTY 1-866-567-8893

@ONTatwork @OntarioAtWork @Ontarioatwork

संस्करण 9.0

Ontario